## खबर संक्षेप

### पुलिस रिमांड पर चोरी के आरोपी

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस द्वारा विगत दिवस की गई कार्रवाई के फलस्वरूप सात चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी अंकित विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया था, जो शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सूने घरों को चिन्हित कर चोरी करता था। आरोपी द्वारा पूछताछ में चोरी का सामान अभय सोनी को बेचना स्वीकार किया, जिसे भी दो मामलों में सहआरोपी बनाया गया है। प्रकरण में उपरोक्त दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे चोरी किए गए चोरी के प्रकरणों में अन्य माल की बरामदगी एवं अन्य तथ्यों का खुलासा किया जा सके।

### किशोर का शव जंगल में फांसी के फंदे में लटकता मिला

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के घने जंगलों में एक 17 वर्षीय किशोर का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान कीर्तन सिंह के रूप में हुई है, जो कि शिव राज सिंह का बेटा है, वह अपने घर से पिछले दो दिनों से लापता था। घटना के बाद से क्षेत्र में में हडक्रंप मच गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मवेशी चरा रहे एक व्यक्ति द्वारा शव पेड़ में लटका देख सूचना पुलिस को दी थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करवाई जो कीर्तन सिंह के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई, मौके पर जब परिजन पहुंचे तो पुलिस ने कार्यवाही कर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार किशोर घर से दो दिनों से लापता था जिसकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे, जिसका शव फांसी के फंदे में लटका मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बरही-करकेली के पास ट्रक ने कुचला, एक की मौ, एक घायल

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत हो गई, वहीं दूसरे व्यक्ति का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है, घटना के संबंध में बताया गया कि करकेली-बरही के पास सडक़ दुर्घटना में सोनू कोल पिता छोटेलाल मझगांव सरस्वाही उम्र 25 की मौत हो गई, वहीं सागर पिता सुन्दर कोल उम्र 25 वर्ष का उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है, घटना रात 10 बजे के लगभग की है, बरही मोड के पास ट्रक ने पीछे से बाइक सवार को इतनी जोरदार ठोकर मारी कि सडक़ किनारे दस फिट दूर जाकर गिरे, ड्राइवर ट्रक लेकर चंपत हो गया, जिसकी तलाश नौरोजाबाद पुलिस कर रही है। सोनू कोल के भाई के मृतक साले की बाइक बुधवार 8 बजे सुबह घर के पास से ही चोरी चली गई थी, उसका पांच-दस गांव भी पता लगाया, लेकिन चोरी गई बाइक नहीं मिली, 10 बजे रात को अपने गृह ग्राम मझगवां लौट रहे थे, अचानक हुई दुर्घटना से दोनों बेहोश हो गए, बाद सागर को होश आया तो, अपने दोस्त को बेहोश अवस्था में देख कर घबड़ा गया और पास ही ढाबे से पानी लाकर पानी से मुंह सोनू पर मारा, लेकिन सोनू होश में नहीं था, बाद में हंड्रेड डायल को सूचना दिया, मौके पर पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण कर बताया कि सोनू की मौत हो गई। चिकित्सकों ने पीएम कर शव परिजनों को सौं दिया, पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### निर्वाचन क्षेत्र में 7 जुलाई को सार्वजनिक अवकाश घोषित

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.केदार सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु मतदान 07 जुलाई सोमवार को जिले के संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है जिला अंतर्गत नगरपरिषद खांड के वार्ड क्रमांक 08 में 07 जुलाई को सामान्य अवकाश रहेगा। सम्बंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिये परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएवल इन्स्ट्रूमेट्स एक्ट) 1881 ( 1881 का क्रमांक 26 ) की धारा 25 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश भी रहेगा।

## केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर विकास के क्षेत्र में गढ़ रही नए आयाम

# शिक्षा के बिना तरक्की के रास्ते संभव नहीं : उप मुख्यमंत्री








### संस्कारयुक्त शिक्षा समाज के लिए साबित होगी वरदानः उपमुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओ को वितरित किये चेक

**शहडोल।** किसी भी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा अनिवार्य है। जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे, वे न तो अपने अधिकारों को समझ पाएंगे और न ही अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन कर पाएंगे। शिक्षा से ही नई सोच, नई तकनीक और आत्मनिर्भरता का मार्ग खुलता है। आधुनिक युग में शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शिक्षा के बिना तरक्की कर पाना संभव नहीं है। उक्त विचार संभागीय मुख्यालय के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

#### की जा रही हर संभव मदद

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कक्षा 12 वीं के एमपी बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्याथियों को मनपसंद लैपटॉप खरीदने के लिए राज्य सरकार द्वारा 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा विद्यार्थी को उच्च शिक्षा व आगे की पढ़ाई करने के लिए यह लैपटॉप काफी मददगार साबित होगा और अपना लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि कमजोर तबके के विद्यार्थी भी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर जैसे अच्छे पदो में जाए इसके लिए हर संभव मदद की जा रही है, किसी भी स्थिति में शिक्षा के लिए आर्थिक संकट नही होने दिया जाएगा। विद्यार्थी अच्छी मेहनत और लगन के पढाई करना चाहिए, असफलता भी मिल जाए तो निराष नही होना चाहिए, उस असफलता होने का कारण खोजे और उसे सुधार करे तो सफलता अवश्य मिलती है, विद्यार्थी अपने सीनियरो से भी मार्गदर्शन जरूर लें।

#### संस्कारयुक्त शिक्षा सीखे

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा तो ग्रहण कर रहे है, लेकिन शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा सीखे तो समाज के लिए वरदान साबित होगा,संस्कारयुक्त शिक्षा देने में अभिभावक, गुरूजन अपनी महती भूमिका निभाए। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिल विकास के क्षेत्र में नये-नये आयाम गढ रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाए संचालित की जा रही है, चाहे वह महिला सशक्तिकरण का हो किसानो के सशक्तिकरण का हो, युवाओ को रोजगार से जोडऩा, बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ जैस अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है।

#### सुविधाओ का किया जाएगा विस्तार

उप मुख्यमंत्री कहा कि शहडोल संभाग तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, शहडोल में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि सुविधाओ का विस्तार किया गया, जिससे शहडोल संभाग के लोगो को अन्य दूसरे शहरो में न जाना पड़े और लोगो की आवश्यकताओ को देखते हुए अन्य सुविधाओ का भी धीरे-धीरे विस्तार किया जाएगा। समारोह को विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जयसिंह मरावी ने भी संबोधित करते हुए मेधावी छात्र-छात्राओ को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप राशि अंतरण समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने मेधावी छात्र-छात्राओं को 25 हजार रूपये की राशि का प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने किया।

#### इनकी रही मौजूदगी

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आयोजित विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि अंतरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया गया, जिसका प्रसारण वर्चुअली रूप से किया गया। शहडोल जिले के 10-12 मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह, पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जिला षिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका श्रीमती उर्मिला कटारे, समाजेसवी संतोष लोहानी, राजेश पाण्डेय, शिक्षा विभाग के अरविंद पाण्डेय सहित विद्यालयो के प्राचार्य, अभिभावक, छात्रा-छात्राए उपस्थित थें।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने अधिकारी करें समन्वित प्रयासः उप मुख्यमंत्री

### स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर प्रदान करें स्वास्थ्य सुविधाएं

**उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग एवं एमपीआरडीसी विभाग के कार्यों की समीक्षा की**




**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग एवं एमपीआरडीसी विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल जिले में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए विभागीय अधिकारी समन्वित प्रयास करें जिससे मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि 12 से 19 वर्ष के बच्चियों को आयरन, हीमोग्लोबिन की कमी न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला इस पर कार्य करे तथा इसकी मॉनीटरिंग कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी निरंतर करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक माह के 9 एवं 25 तारीख को आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाई रिस्क गर्भवती माता को चिन्हित कर उनका फॉलोअप किया जाए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि भी कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का निरीक्षण कर बैठक व्यवस्था दवाइयां आदि सुविधाओं जायजा ले। स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए तथा दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भारत को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने के लिए सिकल सेल जांच शिविर आयोजित कर लोगों की स्क्रीनिंग करें। उप मुख्यमंत्री ने टी.बी. मुक्त, रिक्त पदों की जानकारी, डॉक्टरों की नियुक्ति जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उप मुख्यमंत्री ने शहडोल-उमरिया मार्ग के कार्यों की प्रगति की जानकारी एमपीआरडीसी के अधिकारियों से ली तथा कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, डीन डॉ.एम. रामटेके, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### उप मुख्यमंत्री ने टेलीमेडिसिन सेवा का किया शुभारंभ




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शहडोल में टेलीमेडिसिन सेवा शुभारंभ फीता काटकर किया। टेलीमेडिसिन सेवा शुभारंभ होने से प्रदेश के दूरवर्ती और आदिवासी क्षेत्रों तक उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति के इस युग में टेलीमेडिसिन जैसी तकनीक जनसामान्य को त्वरित, विशेषज्ञ और सुलभ उपचार प्रदान करने का सशक्त माध्यम बनेगी।

# जन अभियान परिषद, शासन प्रशासन का मजबूत स्तंभः उप मुख्यमंत्री



### उप मुख्यमंत्री ने वंसुधरा को हरा-भरा बनाने किया पौधरोपण

**शहडोल।** जन अभियान परिषद का गठन वर्ष 2008 में किया गया था। जन अभियान परिषद शासन प्रशासन का मजबूत स्तंभ है। जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना के क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाता है। उक्त विचार उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी राजेंद्र शुक्ल ने शहडोल के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में देश विकास की ओर आगे बढे रहा हो और विदेशो में अपना परचम लहरा रहा है। उन्होंने कहा जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर एक दिन में 51 हजार पौधो का रोपण करना यह सराहनीय कार्य है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शहडोल के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष का पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने पर जन अभियान परिषद के संजनी तिवारी, प्रेमवती कोल, साक्षी पाण्डेय,



प्रगति सिंह सहित अन्य सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वंसुधरा को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जयसिंह मरावी, शरद कोल, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीरामजी श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधियो, अधिकारियों, जन अभियान परिषद के सदस्यो व समाजसेवियों ने पौधो का रोपण किया। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय व ब्लॉक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल ने किया।

# पहली बारिश में ही प्रशासन के दावों की खुली पोल

### कलेक्टर परिषद की बिल्डिंग का हिस्सा भरभराकर गिरा



**शहडोल।** जिले में मानसून की पहली बारिश ने प्रशासनिक दावों और इंफ्रास्ट्रक्चर की हकीकत को सामने ला दिया है। शुक्रवार सुबह कलेक्टर परिषद भवन का एक हिस्सा बारिश के चलते अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त पार्किंग एरिया खाली था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भवन की ऊपरी दीवारों में पहले से दरारें थीं, लेकिन समय रहते कोई मरम्मत नहीं कराई गई, नतीजा यह हुआ कि पहली ही बारिश में सरकारी भवन की पोल खुल गई। खास बात यह है कि इसी भवन में जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी बैठते हैं, ऐसे में इस भवन की जर्जर स्थिति कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय कर्मचारियों और नागरिकों ने बताया कि वे बीते कई महीनों से भवन की बिगड़ती हालत को लेकर चिंता जता रहे थे। कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने मरम्मत कराने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब बारिश शुरू होते ही लापरवाही का नतीजा सबके सामने है। जब जिले के प्रशासनिक मुख्यालय का यह हाल है, तो बाकी सरकारी कार्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों के भवनों की स्थिति का अंदाज़ा लगाना मुश्किल नहीं है। सवाल ये है कि क्या जिला प्रशासन केवल कागजों पर सुरक्षा और मरम्मत की बातें करता है? विशेषज्ञों की मानें तो इस तरह की घटनाएं समय रहते चेतावनी देती हैं। यदि जल्द ही बिल्डिंग की स्ट्रक्चरल ऑडिट कराकर उचित मरम्मत नहीं कराई गई, तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है, जो न केवल जनहानि का कारण बनेगा, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

# विद्यालय में हुआ तीन दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन



**शहडोल।** माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल में भारत विकास परिषद के सहयोग से तीन दिवसीय जागरूकता शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन महिला एवं बाल विकास विभाग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार और भारत विकास परिषद के अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को समाज में बढ़ते साइबर खतरे, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, गुड टच और बैड टच की पहचान तथा बाल सहायता हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती मेघा पवार ने बच्चों को वीडियो के माध्यम से समझाया कि सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें और किस प्रकार इससे जुड़ी गलतियों से खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही, उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच फर्क समझाया और किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 1098 नंबर का उपयोग करने की जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य ने इस आयोजन के लिए भारत विकास परिषद और महिला बाल विकास विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ाते हैं तथा उन्हें सुरक्षित रहने की दिशा में सशक्त बनाते हैं। यह जागरूकता शिविर आगामी दो दिनों तक विभिन्न विषयों पर बच्चों को जानकारी देने हेतु जारी रहेगा।

### 7 जुलाई से 10 जुलाई तक नगर परिषद खांड क्षेत्रांतर्गत शुष्क दिवस घोषित

**शहडोल।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार मतदान 07 जुलाई एवं मतगणना दिनांक 10 जुलाई को शहडोल जिले के नगर परिषद खांड वार्ड नंबर 08 में संपन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि संबंधित नगरीय क्षेत्रों में और उसकी सीमा से लगे ग्राम पंचायतों में स्थित दुकानों में तथा नगर से निकलने वाले राज्य, राजमार्ग / राष्ट्रीय राजमार्ग / मुख्य जिला सडक से दोनो सीमा से बाहर नगरीय निकायों में 03 किलोमीटर तक में स्थित शराब की दुकाने मतदान समाप्त होने के 48 घण्टे पूर्व अर्थात 05 जुलाई को शायं 5 बजे से 07 जुलाई को मतदान समाप्ति तक एवं 10 जुलाई को मतगणना दिवस को सम्पूर्ण दिवस के लिये नगर परिषद खांड जिला शहडोल की भौगोलिक सीमा से 03 किलोमीटर की दूरी में स्थित (1) कम्पोजिट देशी/विदेशी मदिरा दुकान देवलोंद (2) कम्पोजिट विदेशी/देशी मदिरा दुकान देवलोंद से मदिरा का क्रय विकय एवं परिवहन प्रतिबंधित करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया जाता है। घोषित शुष्क दिवस को मदिरा का कय, विक्रय, परिवहन तथा धारण आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## खबर संक्षेप

### 7 जुलाई को जिला स्तरीय वन स्टॉप सेंटर योजना की समीक्षा बैठक

**उमरिया 4 जुलाई ।** वन स्टॉट सेंटर में हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा, अस्थाई आवास , स्वास्थ्य लाभ, पुलिस एवं कानूनी सहायता संबंधी सुविधाएं दी जाती है । जिला स्तरीय वन स्टॉप सेंटर योजना की समीक्षा बैठक 7 जुलाई को समय सीमा की बैठक के पश्चात आहूत की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**उमरिया।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया गया है । नेशनल लोक अदालत में न्याायिक प्रकरण आपराधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुंब न्यायालय में लंबित , प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्यता प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंकों के प्रकरण, नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा ।

प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओ एवं जन मानस से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों को आपसी सुलह समझौता के माध्यम से निराकृत कराएं तथा आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं ।

### सघन निरीक्षण के लिए दल गठित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी औषधियों के विक्रय केन्द्रों के सघन निरीक्षण के लिए दलों का गठन किया है। दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व , सहायक संचालक कृषि, निरीक्षक बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी , प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी शामिल है । उन्होने कहा है कि दल बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानो का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता युक्त आदान सामग्री की उपलब्धता एवं विक्रय सुनिश्चित करते हुए उक्त आदानो के संवयवहार से संबंधित नियम, अधिनियम एवं निर्देशों का समुचित पालन सुनिश्चित कराने हेतु विधिक कार्यवाही करेंगे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सम्मान कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** डॉक्टर डे के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ संगीता प्रजापति का अस्पताल के सभी स्टॉफ द्वारा सम्मानित किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने सभी स्टॉफ को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर धन्यवाद करते हुए उनका आभार जताया। आयूर्वेद चिकित्सा पद्धति से कार्य करते हुए डॉक्टर संगीता प्रजापति को कई बार पुरूस्कृत भी किया गया है। बहुत ही सेवाभाव से अपने कार्य के प्रति समर्पित रहती हैं। स्नेहपूर्ण मरीजो से व्यवहार करते हुए उनका इलाज करना ही उनकी पहचान है। बहुत ही कर्तव्य भाव से एक डॉक्टर की भूमिका निभा रही हैं।

## जिले के 429 विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप हेतु अंतरित हुई राशि

# शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार कृत संकल्पित: विधायक

### शिक्षकों एवं बच्चों की मेहनत से बढ़ा परीक्षा परिणामः कलेक्टर

**उमरिया।** बच्चे देश का भविष्य है। शिक्षा से ही विकास के व्दार खुलते हैं। बच्चों के कल्याण एवं उनकी बेहतरी के लिए प्रदेश सरकार निरंतर रूप से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है , ताकि बच्चे पढ़ लिखकर प्रदेश एवं देश की सेवा में अपना योगदान दे सके । उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनाराण सिंह ने पीएम श्री बालक उमावि उमरिया में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप हेतु राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।







उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की इस योजना से विद्यार्थियो के सपनों को पंख लग गए है । उनकी प्रतिभाओं को सम्मान मिला है। भारत के विकसित निर्माण के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है । गुरू जनों को गुरू दक्षिणा तभी प्राप्त होती है, जब उनके द्वारा पढ़ाए हुए बच्चे अपनी प्रतिभा की बदौलत प्रदेश एवं देश की सेवा करते हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा मनपसंद लैपटॉप खरीदने हेतु बच्चों के खाते में राशि अंतरित की गई है। लैपटॉप का उपयोग बच्चे अपनी पढ़ाई में करें और उच्च पदों में पहुंचकर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि बच्चे अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए उसकी तैयारी करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी । उन्होने कहा कि सरकार बच्चों के सुखद भविष्य के लिए निरंतर रूप से कार्य कर रही है । विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर बच्चों के भविष्य को सजाने एवं संवारने का कार्य निरंतर रूप से



किया जा रहा है । सभी बच्चे योजनाओं का लाभ उठाएं और आगे बढ़ें। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि विगत वर्ष की



भांति इस वर्ष कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के रिजल्ट में उत्तरोत्तर प्रगति हुई है । प्रगति के लिए समय समय पर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का परिणाम रहा कि इस वर्ष जिले का रिजल्ट पांच सालों में सर्वोत्तम रहा। उन्होने कहा कि मेहनत के माध्यम से सफलता को अर्जित किया जा सकता है । श्री आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप हेतु 25 हजार रूपये की राशि छात्रों के लिए किसी वरदान से कम नही है।शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रोत्साहित कर रही है , आप सभी का भी कर्तव्य है कि मन लगाकर पढ़ाई करें और उच्च पदों पर पहुंचकर अपने माता, पिता , स्कूल का नाम रोशन करें । कार्यक्रम का पालन प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले के 429 बच्चो के खाते में 25 हजार रूपये के मान से 10,725,000 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित हुई है , जिनमें छात्राओं की संख्या 233 एवं एवं छात्रों की संख्या 196 है । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, शंभू लाल खट्टर, ज्ञानेन्द्र सिंह गहरवार, पार्षद सविता सोधिया, उमा महोबिया, सुनील खटिक, महेन्द्र गुप्ता, राज कुमार महोबिया, सहित जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे उपस्थित रहे । प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम उमरिया जिले में देखा एवं सुना गया । कार्यक्रम में आर सी स्कूल के बच्चों व्दारा मध्यप्रदेश गान, राष्ट्रगीत की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम के अंत में सौम्या सिंह, हीनू पाल, अमन गुप्ता, हिमांशु राय को मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों के व्दारा 25-25 हजार रूपये का प्रतीक स्वरूप डमी चेक प्रदान किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील मिश्रा के द्वारा किया गया।

## एसडीएम पाली ने नौरोजाबाद में विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने नौरोजाबाद में भूमि धसने की घटना का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देष दिए। नौरोजाबाद में नगर परिषद के कचरा प्रसंस्करण केंद्र का भ्रमण किया और पाई गई कमियों, मशीनों के उपयोग तथा व्यवस्था पर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौरोजाबाद का भ्रमण के दौरान उन्होने कहा कि दवाईयां स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध रहे , इसका ध्यान रखा जाए। स्टॉफ समय पर अस्पताल आना सुनिश्चित करें। परिसर में साफ सफाई रखी जाए। उन्होने कहा कि बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए तैयारी रखने के निर्देश दिए।

## उमरिया स्टेशन बनेगा हाइटेक: महाप्रबंधक





**उमरिया।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक वी. तरुण प्रकाश ने शुक्रवार को उमरिया रेलवे स्टेशन और कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर चल रहे तीसरी लाइन और स्टेशन विस्तारीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने 20 करोड़ की लागत से बन रहे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। प्लेटफॉर्म, ओवरब्रिज, वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर और स्वच्छता कार्यों को तेज़ और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने आरपीएफ चौकी का उद्घाटन भी किया। रेल ठहराव पर जीएम ने कहा कि कोविड से पहले जिन ट्रेनों का ठहराव था, उनमें से अधिकांश की बहाली हो चुकी है। बाकी ट्रेनों के लिए प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा। अनूपपुर-कटनी रेलमार्ग की 11 क्रॉसिंग पर तेजी से काम जारी है, जिन्हें सुरक्षित ब्रिज या गेटिंग में बदला जाएगा। वहीं चार ओवरब्रिज के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। जीएम के अल्प प्रवास पर बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश शर्मा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य अनुज सेन और जितेंद्र गुप्ता ने भी जीएम से मुलाकात की और यात्री सुविधाओं व ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। जीएम ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता देने की बात कही। बिलासपुर डीआरएम समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का दौरा उमरिया रेलवे के विकास की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## कथा सुनने से जीवन की सीख, मोक्ष और शांति मिलती है

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली, पवित्र नगरी अमरकंटक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिव्य और भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। मोक्ष दायिनी, पाप नाशिनी , पुण्य सलिला मां नर्मदा जी की पुण्य धर्मधरा पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पूर्व अमरकंटक के शांति कुटी आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन अनंतश्री विभूषित महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी श्री रामभूषण दास जी महाराज के पावन सान्निध्य में शुक्रवार से प्रारंभ हो रही कथा एवं व्यासपीठ पर विराजमान बृजवासी (जयपुर) पंडित श्री कृष्णकांत जी शर्मा और प्रमुख यजमान श्रीमती मीनू सर्वेंद्र रस्तोगी मेरठ (उ.प्र.) और श्रीमती अंजली दिनेश शुक्ला बिलासपुर (छ. ग.) के और उक्त समस्त धार्मिक अनुष्ठान के आचार्य पंडित शिवम् चतुर्वेदी चेन्नई के आचार्यत्व में संपन्न हो रहा है । यह कथा 4 से 10 जुलाई तक रोजाना सायं 4 से 7 बजे तक कथा का श्रवण किया जा सकता ह ।




### आश्रम से निकली कलश शोभायात्रा

शांति कुटी आश्रम के स्वामी जी और कथा ब्यास जी के सानिध्य में शांति कुटी आश्रम के मंदिर दर्शन बाद माथे पर श्री भागवत पुराण रख और महिलाएं कलश लिए नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंच वहां पर उपस्थित पुजारियों ने श्री भागवत पुराण और कलश की विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कराकर कुंड से कलश में जल भर कर मां नर्मदा मैया का दर्शन, पूजन बाद प्रांगण परिक्रमा करते हुए वापस ढोल नगाड़ों की धुन पर नगर के बीचों बीच पैदल चलते हुए वापस शांति कुटी आश्रम पहुंच कलश स्थापना बाद सायं सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आरम्भ किया गया। आषाढ़ शुक्ल देवशयनी एकादशी को नर्मदा तट रामघाट पर नर्मदा पूजन, दीपदान और महाआरती 6 जुलाई को की जाएगी जिसके यजमान श्रीमती संगीता सुरेश पांडेय चांपा (छ. ग.) होंगे । आश्रम में ध्वज पूजन और ध्वजा रोहण 07 जुलाई को श्रीमती सरोज रमेश पोद्दार मनेंद्रगढ़ ( छ. ग.) प्रमुख यजमान द्वारा किया जावेगा। शांति कुटी आश्रम के श्रीमहंत स्वामी रामभूषण दास जी महाराज ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरुओं के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है साथ ही महर्षि वेद व्यास जी का जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है जिन्होंने वेदों और पुराणों की रचना की थी। गुरु पूर्णिमा पर भक्त काफी ज्यादा संख्या में अमरकंटक के अनेक आश्रमों पर भक्त पहुंचते है। शिष्य अपने गुरुओं की पूजा करते है, उनके चरण वंदन (छूकर) कर आशीर्वाद लेते है और शिष्य अपने गुरुओं को यथाशक्ति दक्षिणा, वस्त्र, फल, फूल आदि भेंट करते है साथ ही गुरुओं के आदेश का पालन करते है। कथा ब्यास आचार्य कृष्णकांत शर्मा जी कहते है कि जो भी भक्त , लोग भागवत बीच बैठ कर कथा का श्रवण करता है उसे जीवन जीने की सीख मिलती है। मोक्ष का रास्ता और शांति मिलती है साथ ही पाप नष्ट होते है।

## सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का किया जा रहा संचालन

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद डूमरकछार द्वारा 1 से 31 जुलाई 2025 तक सफाई अपनाओ, बिमारी भगाओ अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के प्रथम सप्ताह में शारीरिक स्वच्छता एवं हाथ धोने के सही तरीके पर जागरूकता फैलाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह गतिविधियां निकाय के अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोहर बिंझवार के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पौराधार में लगभग 40 विद्यार्थियों की उपस्थिति मे व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की तकनीक, बिमारियों से बचाव के उपाय प्रशिक्षक निकाय के सहायक नोडल अधिकारी हरीश कुमार सिंह एवं संधान ट्रस्ट के फील्ड एसोसिएट जय प्रकाश रवि ने विद्यार्थियों को साबुन एवं पानी से हाथ धोने के पांच चरणों को व्यावहारिक रूप में सिखाया गया, उन्हें गंदे हाथों से फैलने वाली बीमारियों की जानकारी दी गयी। स्वच्छता मित्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सम्पन्न किया गया। कार्यस्थल पर व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, दस्ताने व मास्क




के उपयोग, संक्रमण से बचाव के उपाय संधान ट्रस्ट के फील्ड एसोसिएट जय प्रकाश रवि के द्वारा स्वच्छता मित्रों को कचरा प्रबंधन के सुरक्षित तरीकों और उनके स्वास्थ्य संरक्षण हेतु जरूरी उपायों की जानकारी भी दी गयी। समुदाय आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इस अवसर पर किया गया निकाय के वार्ड क्रमांक 14 के लगभग 30 निवासियों को घरेलू स्वच्छता, पेयजल की शुद्धता, बच्चों की साफ-सफाई सहायक नोडल अधिकारी हरीश कुमार सिंह और संधान ट्रस्ट के फील्ड एसोसिएट आशीष कुमार यादव के सहयोगी कार्यकर्ता अरुण चौहान के द्वारा नागरिकों को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को शामिल करते हुए उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी व्यवहार में सुधार लाने पर विशेष बल दिया गया। इन कार्यक्रमों में कुल लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया गया। इन प्रयासों से न केवल शारीरिक स्वच्छता के महत्व को समझाया गया, बल्कि समुदाय में सफाई को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। उक्त कार्यक्रमों को संपन्न कराने में परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों के साथ ही आईईसी गतिविधियों में निकाय के कार्यों में संलग्न संधान ट्रस्ट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कॉलरी के खाली पड़े आवासों में अपराधियों सहित निजी लोगों का कब्जा

### आवास के साथ ले रहे मुफ्त बिजली और पानी का लाभ, आवास को बनाया शराब दुकान

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोल इंडिया की सह कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के गोबिंदा लहसुई कैंप कालोनी में कोयला कर्मचारियों के आवास में अवैध रूप से बाहरी एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा कब्जा करके लंबे समय से निवास कर रहे हैं। अवैध कब्जा धारियों के द्वारा आपराधिक गतिविधियों को भी अंजाम देते हैं। जिसके कई मामले भी सामने आ चुके है। कालरी के आवास में कब्जा कर मुफ्त बिजली, पानी का उपयोग करने से कॉलरी प्रबंधन को प्रति माह करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ता है। आवास में अवैध कब्जे की शिकायत कोयला मजदूर यूनियन संगठन द्वारा लिखित रूप से शिकायत किया गया किंतु कोल प्रबंधन के अधिकारियों की मौन स्वीकृत के कारण आज तक कोयला मजदूरो के आवासों को खाली नहीं कराया जा सका। कोयला खदान में कार्यरत कई मजदूरों को आज तक आवास का आवंटन नहीं किया गया है ज्ञात रहे की जमुना कोतमा क्षेत्र में कोयला मजदूरों के 5 हजार आवास निर्मित जबकि कार्यरत कोयला मजदूर लगभग 2200 ही है। इसके बावजूद भी कोल प्रबंधन की मौन स्वीकृत एवं लापरवाही के कारण कोयला मजदूर जो कार्यरत है उन्हें आज तक आवास आवंटन नहीं किया गया। जिससे कोयला मजदूर आवास के लिए भटकते नजर आ रहे है।

सूत्रों से मिली जानकारी जमुना कालरी भालूमाड़ा गोविंदा लहसुई कैंप कालोनी मिलाकर लगभग 5 हजार निर्मित आवास में आधे से ज्यादा लोग अवैध रूप से



रहकर फ्री का बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। जबकि कोयला मजदूरों के वेतन से एक प्रतिशत की राशि आवास के रखरखाव में काटा जा रहा है। कोयला मजदूर संगठनों द्वारा दिसंबर माह में कोल प्रबंधन को पत्र देकर अवगत कराया गया था जिस पर प्रबंधन ने कोयला मजदूर संगठन को आश्वस्त किया था कि सर्वे कराकर अवैध रूप से कोयला मजदूर आवास में रह रहे अवैध कब्जाधारियों को हटाया जाएगा। उक्त मामले को 6 माह बीत जाने के बाद भी आज तक कोयला मजदूर आवास में भी निवासरत एक भी कब्जेधारी को बाहर का रास्ता नहीं दिखाया गया। कॉलरी प्रबंधन पर अवैध कब्जाधारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए यूनियन के नेताओं एवं कोयला मजदूरो का कहना है कि अतिक्रमणकारियों से प्रभावित होकर कार्यवाही पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसको लेकर कोयला मजदूर उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत की जाएगी। अवैध बिजली के उपयोग को लेकर विगत दिनों विजिलेंस टीम के द्वारा जमुना कालोनी मे जांच की गई थी जिस को प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए दो लोगों को निलंबित भी किया गया है लेकिन भालूमाड़ा गोविंदा लहसुई कैंप कालोनी में जांच नही होने से बाहरी लोगों के हौसले बुलंद हैं। काली श्रमिकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि गोविंदा कालोनी मे श्रमिक आवास में एक प्राइवेट व्यक्ति के द्वारा अवैध कब्जा जमाते हुए शराब की बिक्री की जा रही है। जहां पर बाकायदे बैठाकर शराब भी पिलाई जा रही है। बाकायदे शराब ठेकेदार के कर्मचारी के द्वारा मोटर साइकिल में अवैध रूप से शराब पहुंचाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मासूम बच्ची समेत परिवार के चार सदस्य सड़क हादसे में घायल



**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत दर्दनाक सडक़ हादसे में करकेली के करही टोला निवासी एक ही परिवार के चार लोग घायल हुए है, खबर है कि उनकी बाइक अचानक बंधा नाला के पास अनियंत्रित होकर सडक़ पर आई गाय से टकरा गई, जिससे घटना स्थल पर परिवार के प्रभाकर बैगा पिता सिद्ध कुमार उम्र 32 वर्ष, सोम बाई पति प्रभाकर बैगा, उम्र 26 वर्ष, शकुंतला बाई पति संदीप बैगा उम्र 28 वर्ष एवं 03 साल की मासूम बच्ची प्राची पुत्री प्रभाकर बैगा घायल हुए है। खबर है कि परिवार के सभी घायल सदस्य बाइक पर सवार होकर करकेली से छुहाई जा रहे थे, तभी अचानक बंधा नाला के पास यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी सवार सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है, जहां फिलहाल सभी घायल इलाजरत है।

### महाविद्यालय में प्रवेशोत्सव व दीक्षांत समारोह आयोजित

**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के परिवेश, प्रकृति, संस्कृति व सभी संकायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों से परिचय कराया गया। त्रिदिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह, क्रीड़ाधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ की सहभागिता रही। दीक्षारम्भ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति सिखाने, उन्हें उनके लक्ष्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना था।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बच्चों के साथ रोपे पौधे

**कटनी।** जिले में चलाए जा रहे हरियाली महोत्सव अभियान के तहत ग्राम पंचायत डिठवारा में वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम पंचायत डिठवारा के सरपंच, उपसरपंच, सचिव और ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा का स्वागत किया। इसके उपरांत शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में स्कूल स्टाफ, बच्चों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा ने पौधा लगाने भर से पर्यावरण का संरक्षण नहीं होगा और न ही हरियाली आएगी। हमे जिम्मेदारी के साथ इन पौधों की देखभाल भी करनी होगी। जिससे ये पौधे वृक्ष का रूप लेकर हमारे आने वाले कल को सुरक्षित कर सकें। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, बच्चों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

### सालों से फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** निवार चौकी पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी नेहा मौर्य ने बताया कि फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया एवं माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में निवार पुलिस लगातार वारंटियों की धर पकड़ करने के प्रयास में जुटी हुई है।

## थाना में हुई शिकायत, जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग

# प्राचार्य महिला शिक्षिकों से कर रहा अभद्रता

**उमरिया। जिले के विकास खण्ड बिरसिंहपुर पाली अंतर्गत शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर में कार्यरत दो महिला अतिथि शिक्षिकाओं ने विद्यालय के प्राचार्य हीरेंद्र कुमार सिंह पर अभद्र भाषा और अपमानजनक व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला शिक्षिकाओं ने पुलिस थाना बिरसिंहपुर पाली में लिखित शिकायत दी है, जिसमें प्रचार्य के व्यवहार को महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताया गया है।**




### पहली शिकायत

शिकायतकर्ता शिक्षिका शशि प्रिया सिंह उम्र 43 वर्ष ने अपनी शिकायत में बताया कि वे विगत तीन वर्षों से विद्यालय में हिन्दी विषय की अतिथि शिक्षिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि 2 जुलाई को जब वे विद्यालय में अपनी सेवा पुनः प्रारंभ करने पहुंची, तो प्राचार्य ने आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए समय सारणी को लेकर हुए विवाद में अभद्रता की। शिक्षिका ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में भी प्रचार्य द्वारा इसी तरह की भाषा का प्रयोग किया जा चुका है, जिससे उनका मानसिक उत्पीडऩ हो रहा है।

### दूसरी शिकायत

शिक्षिका रितु सिंह यादव उम्र 41 वर्ष जो विगत तीन वर्षों से विद्यालय में सेवाएं दे रही हैं, महिला शिक्षिका ने प्राचार्य श्री सिंह के व्यवहार को अपमानजनक और शिक्षकीय गरिमा के विपरीत बताया, उन्होंने कहा कि प्राचार्य का व्यवहार महिला शिक्षिकों के प्रति असंवेदनशील और अपमानजनक रहा है। समय सारणी (टाइम टेबल) को लेकर शिक्षकों को 5 पीरियड सौंपे गए थे, जो कि नियमानुसार अधिकतम 6 पीरियड तक हो सकते हैं। इसके बावजूद प्राचार्य द्वारा उन्हें पढ़ाने के लिए मजबूर करने का प्रयास किया गया और जब उन्होंने आपत्ति जताई, तो अपशब्दों और तीनों के माध्यम से उन्हें अपमानित किया गया।

### जिला प्रशासन करे हस्ताक्षेप

एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य से बात की गई तो, उन्होंने कहा कि समय सारणी बनी हुई थी, 5 पीरियड अलॉट किए गए थे और शिक्षिका पढ़ाने को तैयार नहीं थीं। हमने कोई अभद्रता नहीं की है, ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। हालाकि महिला शिक्षिकाओं की शिकायत से यह मामला विद्यालय अनुशासन और कार्य संस्कृति पर गंभीर सवाल खड़े करता है। महिला सम्मान को लेकर समाज में जागरूकता के इस दौर में यदि शिक्षण संस्थानों में ही महिला शिक्षकों के साथ अभद्रता होती है, तो यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी करता है। इस पूरे प्रकरण में अब पुलिस की भूमिका अहम होगी। शिक्षिकाओं ने प्राचार्य के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से भी इस मामले में हस्तक्षेप की अपेक्षा की जा रही है।

# युवाओं ने लोगों को बांटे कपड़े के थैले, बताया प्लास्टिक के दुष्परिणाम



**उमरिया।** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को इक_ा कर कपड़े का थैला वितरण किया एवं पॉलीथिन व प्लास्टिक का दुष्परिणाम बताया व उपस्थित लोगों को प्लास्टिक के थैले व पॉलीथिन उपयोग न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

हिमांशु तिवारी ने कहा कि हर साल 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। इस दिन का खास उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण और प्राकृतिक पर्यावरण पर इसके हानिकारक प्रभाव को रोकना है। क्योंकि प्लास्टिक पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाती है और 1 प्लास्टिक बैग को नष्ट होने में 100 से 500 साल का वक्त लगता हैं।पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने व प्रदूषण से बचाने के लिए प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की समझाइश भी दी। युवाओं ने आमजनों को प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने की शपथ दिलाई।इस दौरान हिमांशु तिवारी,शिखा बर्मन,श्रीराम तिवारी, एवं अन्य जन उपस्थित रहे।

# शिक्षक नहीं लगा रहे ऑनलाइन हाजिरी

**ब्यौहारी।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एम शिक्षा मित्र ऐप को बदलकर। 3.0 एप में बदल दिया है लेकिन शिक्षकों से ऑनलाइन हाजिरी लगवाने में सफल नहीं हुई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 15 सालों के अपने कार्यकाल में हर बार प्रयास किया लेकिन असफल रहे डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भी ऑनलाइन हाजिरी लगवाने में असफल रही। जिसको आदेश पालन करवाने की जिम्मेदारी वही नहीं दिख रहे दिलचस्पी।-जिले में शासन के आदेश को पालन करवाने का जिम्मा जिला के कलेक्टर का होता है 1 जुलाई से ऑनलाइन जो शिक्षक हाजरी नहीं लग रहे हैं उनको स्कूलों को निरीक्षण कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए शासन के आदेश को पालन करवाने के लिए कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को उतर जाना चाहिए वही ब्लॉक स्तर पर एसडीएम की जिम्मेदारी लेकिन कोई भी शिक्षा का ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग रहा है फिर भी कलेक्टर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।



### क्यों जरूरी है ऑनलाइन हाजिरी

लंबे समय से यह शिकायत मिल रही है कि शिक्षक कोई ना कोई बहाना करके सरकार से मोती तनख्वाह तो लेते हैं लेकिन स्कूलों में समय पर नहीं आते लोकल शिक्षक होने के कारण दिनभर उनके घर के काम बने रहते हैं इसलिए आपस में समन्वय बनाकर स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं इसको यदि हम समझे तो यदि किसी स्कूल में पांच टीचर हैं जिसमें तीन रेगुलर और दो अतिथि हैं 2 अतिथि और एक रेगुलर शिक्षक पहूंच जाते हैं बाकी गायब रहते हैं इसी तरह से जिस दिन यह नहीं आए तो वह शिक्षक आ जाते हैं इस तरह से आपसी लाल मेल से काम चला रहे हैं।

### ऑनलाइन हाजिरी में शिक्षक संघ बने रोड़ा

मध्य प्रदेश में सरकार की लाख प्रयास के बाद ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग रही है इसके लिए अध्यापक संघ जिम्मेदार क्योंकि शिक्षकों के मध्य प्रदेश में कई संगठन बने हुए हैं और उनके द्वारा ऑनलाइन हाजिरी लगाने से शिक्षकों को मना किया जा रहा है एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे जिले में कोई नहीं लग रहा है हम लोग आजाद अध्यापक संघ के सदस्य आजाद अध्यापक संघ द्वारा कहा गया है कि अभी कोई आनलाइन हाजिरी न लगाएं।

# एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई द्वारा नायब तहसीलदार सिनगौडी सर्किल अंतर्गत ग्राम इटौरा व इटमा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान हल्का पटवारी अपने कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित पाए गए। काम के प्रति पटवारी द्वारा लापरवाही पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी ने पटवारी रघुवीर शरण सिंह को निलंबित करने की कार्यवाही की। श्री मंडलोई द्वारा लगभग साढ़े तीन बजे जानकारी देते हुए बताया गया कि पटवारी रघुवीर शरण सिंह बिना किसी सूचना के हल्का से नदारद थे जिसके कारण ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने कर विवश होना पड़ता था। पटवारी को पूर्व में मौखिक रूप से अपने हल्का में रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निर्देशित भी किया गया था लेकिन पटवारी द्वारा लगातार मनमानी की जाती रही। तहसील कार्यालय द्वारा पटवारी श्री सिंह को कई बार कारण बताओ नोटिस देकर जवाब भी मांगा गया लेकिन पटवारी द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया था।

# प्राचार्य के मनमानी का शिकार माडल विद्यालय

### सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषय पाठ्यक्रम से गोल

**बिरसिंहपुर पाली।** बेहतर और सुलभ शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित डां मोहन यादव की सरकार की मंशा पर पानी फेरते हुए माडल विद्यालय पाली के प्रभारी प्राचार्य ने अपने पाठ्यक्रम से सामाजिक विज्ञान और विज्ञान बिषय को ही गोल कर दिया है। ऐसा करते हुए उन्होंने न सिर्फ सरकार की मंशा पर पानी फेरा है,, उन्होंने मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों की धज्जियां उड़ा कर रख दी है जिसमे लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल व्दारा अतिथि शिक्षकों के संबंध में निर्देश जारी किया था । लोक शिक्षण संचालनालय ने लांग टर्म रिक्तियों को भरने के लिए 26-6-25 से 29-6-25 तक संस्था प्रमुख यानि प्राचार्य को की जानी थी, जो की भी गयी है लेकिन सामाजिक विज्ञान वर्ग -2 और विज्ञान वर्ग -2 का अपग्रेड माडल विद्यालय पाली के प्राचार्य व्दारा नहीं की गयी । जिससे इन पदो पर कार्यरत अतिथि शिक्षक अपने आई डी एज्युकेशन पोर्टल पर 30-6-25 से 2-7-25 तक देखते रह गये।विदित होवे की मध्यप्रदेश का इकलौता माडल विद्यालय होगा जहाँ पर इन दो अनिवार्य बिषयो को अपलोड नहीं किया गया । प्राचार्य के व्दारा ऐसा किये जाने के पीछे बताया जाता है कि विद्यालय में पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को हटाने के लिए ऐसी तानाशाही रवैये को अपनाया गया है। इन दोनों अतिथि शिक्षको को योग्यता, दक्षता और चयन पात्रता के आधार पर तो हटाया नहीं जा सकता था, तो प्राचार्य ने पाठ्यक्रम में ही कैंची चला डाली।

# कोयलांचल को मिला नया नेतृत्वः मनीष श्रीवास्तव ने संभाली सोहागपुर एरिया की कमान

### अनुभवी अधिकारी वी. श्रीकृष्ण के सेवानिवृत्त होने पर सौंपा गया पदभार, उत्पादन और सुरक्षा बड़ी प्राथमिकता

धनपुरी। एसईसीएल के सोहागपुर कोयलांचल को अब नया नेतृत्व मिल गया है। 30 जून 2025 को महाप्रबंधक वी. श्रीकृष्ण के सेवानिवृत्त होने के बाद एरिया संचालन में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने 1 जुलाई से प्रभारी महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल लिया है।

मनीष श्रीवास्तव को सोहागपुर क्षेत्र की भलीभांति जानकारी है, क्योंकि उन्होंने यहाँ वर्षों तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। संगठन में उनकी पहचान एक सुलझे, अनुशासित और लक्ष्य केंद्रित अधिकारी के रूप में रही है। यही कारण है कि उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

**70 लाख टन कोयला लक्ष्य, पर चुनौतियाँ भी कम नहीं**

सोहागपुर कोयलांचल का वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य 70 लाख टन है। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए श्री श्रीवास्तव ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि उत्पादन, गुणवत्ता और सुरक्षा तीनों पर समान रूप से फोकस किया जाएगा। अमलाई ओसीएम में नया फेस शुरू होने जा रहा है, जहाँ प्राइवेट कंपनियों के माध्यम से कोयला उत्खनन शुरू होगा।

दामिनी माइंस में सीएम मशीन की स्थापना, खदानों की संख्या में बढ़ोतरी, अनुभवी कर्मियों के रिटायरमेंट के चलते मैनपावर गैप, और अब तक स्थायी सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति न हो पाना ये सभी ऐसे पहलू हैं जिन्हें नई जिम्मेदारी संभालते ही प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है।

सिर्फ उत्पादन नहीं, श्रमिक हित और कॉलोनी विकास भी एजेंडे मेंश्रीवास्तव ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि उनका फोकस केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा। श्रमिक कॉलोनियों में पानी, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई जैसी आधारभूत सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा। साथ ही खदान सुरक्षा, अवैध उत्खनन पर नियंत्रण और कर्मचारियों के हितों की रक्षा को भी शीर्ष प्राथमिकता दी गई है।

### प्रबंधन की टीम दिखा रही सामूहिक ताकत

एरिया की विभिन्न माइंस जैसे अमलाई ओसीएम, रामपुर बटुरा सहित उपक्षेत्र प्रबंधक और खान प्रबंधक की टीमें पहले से ही उत्पादन लक्ष्य की ओर गंभीर प्रयास कर रही हैं। अब श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह टीम और सशक्त होकर काम करेगी। सूत्रों की मानें तो यह बदलाव एरिया को लाभांश की दिशा में एक नई रफ्तार देगा।विशेष -श्रीवास्तव को सोहागपुर क्षेत्र का गहन अनुभव, उत्पादन लक्ष्य, सुरक्षा और कर्मियों के हित सर्वोच्च, कॉलोनी सुधार, खदान प्रबंधन और निगरानी पर विशेष जो,अनुभव और समन्वय से लाभांश की ओर अग्रसर हो रहा कोयलांचल।

### ग्रामीणों को 18 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा

# बिछिया से झलवारा स्टेशन मार्ग पर नहर के ऊपर होगा पुल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के प्रयासों से जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों की आवागमन की समस्या का समाधान हुआ है। जिले में आज भी कई ऐसे गांव ऐसे हैं, जहां लोगों को शहर तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ इसी तरह की परेशानी का सामना कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों को करना पड़ रहा था।

20 गांव के लोगों की हर दिन की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने बुधवार को अधिकारियों के साथ आवागमन के लिए नहर के ऊपर पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं जल्द पुल का कार्य कराए जाने के लिए कहा। नहर के ऊपर पुल निर्मित हो जाने से 20 गांव के लोगों को अब लगभग 18 किलोमीटर का चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी।



कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम बिछिया से झलवारा स्टेशन मार्ग में नहर के ऊपर स्टाफ डैम के पास पुल निर्माण हो जाने से 20 गांव के लोगों को लाभ मिल जाएगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जनपद पंचायत कटनी सीईओ एवं एसडीओ के साथ स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए उन्होंने नहर के ऊपर अतिशीघ्र पुल बनाए जाने के लिए कहा।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा द्वारा पुल निर्माण की पहल किए जाने से 20 गांव के लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत हो जाएगी और अब उन्हें 18 किलोमीटर की दूरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। स्थल निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने जल्द ही नहर के ऊपर पुल बनाकर आवागमन प्रारंभ कराने की बात कही।

# महाप्रबंधक के मुदरिया आगमन पर सुविधाएं बढाने की उठी मांग

### क्षेत्र में समस्याओं के निदान के लिए महिला नेत्रियों ने सम्हाली कमान

**बिरसिंहपुर पाली।** दक्षिण -पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश आज शहडोल से झलवारा रेलवे स्टेशनों के बीच महा प्रबंधक ने रूटीन निरीक्षण करने के दौरान मुदरिया रेलवे स्टेशन में निरीक्षण करने के लिए आये। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों और जन प्रतिनिधियों ने मिलकर क्षेत्र की प्रमुख मांगों को महा प्रबंधक के समक्ष रखा। क्षेत्रीय समस्याओं को रखते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती माया सिंह ने कहा की मुदरिया रेलवे स्टेशन में कोरोना काल के पहले मुदरिया में भोपाल-बिलासपुर और बिलासपुर भोपाल सवारी गाड़ी का नियमित रूप से ठहराव था, जो की बन्द कर दिया गया है इसी तरह महीने में तीन दिन इन्दौर बिलासपुर अप डाऊन में रूकती थी, इसी तरह चिरमिरी चंदिया और चंदिया चिरमिरी टेनो का ठहराव नियमित रूप से किया जाता रहा है लेकिन वर्तमान में उक्त सवारी गाडियों का ठहराव बन्द कर दिया गया है, इन सवारी गाडियों का ठहराव देकर मुदरिया और आसपास के लगे दर्जनों गाँव को सुविधा उपलब्ध करायी जाये। ग्राम पंचायत मलहदू की सरपंच पूजा सिंह परस्ते ने अपने मांग रखते हुए कहा की रामपुर और बिरसिंहपुर पाली जो की नगरपालिका पाली के वार्ड क्रमांक 3 और 5 के बीच एक ओभर बिज का निर्माण कराया जाये , क्योंकि लगभग 15 हजार की आबादी इस तरफ से उस तरफ की ओर हर दिन आना जाना करती है, इस ओभर बिज के बन जाने से बच्चों, वृद्धों, मरीजों को लाभ मिल सकेंगा। साथ ही रेलवे व्दारा बनायी गयी सडक अत्यंत जर्जर अवस्था में है उनका पुननिर्माण शीघ्र कराया जाये। बरहाई ग्राम पंचायत की सरपंच सब्जी बाई ने अमोला नाला में बिज बनाने की मांग रखी। आपने महा प्रबंधक को बताया की अभी विद्यालय जाने के लिए बच्चों को रेलवे लाइन पार कर जाना पड़ता है जिससे सदैव खतरा बना रहता है अतः बिज बन जाने से बड़ी सुविधा नागरिकों को मिल जायेगी । आज की खासियत यह रही की दुनिया की आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली महिला जन प्रतिनिधियों ने महा प्रबंधक के समक्ष बात रखी। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश जी ने सभी मांगो को गंभीरता पूर्वक सुना और उसके निदान का आश्वासन दिया।

मौसम बेईमान, मुझे नहीं आने दिया आप तक-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# कई विकास कार्यों की दी सौगात, 114 विकास कार्यों का किया वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**कोतमा पहुंचने के पूर्व बरसात ने रीवा मे ही रोका मुख्यमंत्री का काफिला**

**वर्चुअल माध्यम से कोतमा की जनता को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**

**प्राईवेट मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को सरकार देगी 80 लाख रूपए तक का ऋण**






4 जुलाई को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का 11 महीने बाद पुन: एक बार अनूपपुर जिले की कोतमा विधानसभा मे अमृत हरित महा अभियान कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए माडल स्कूल के मैदान मे आना था, लेकिन मौसम ने साथ नही दिया, मुख्यमंत्री अपने निधारित समय से भोपाल से इंदौर के लिए रवाना हुये वहां से उन्होने सिंगरौली जिले के देवसर विधानसभा के कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के बाद कोतमा आना था, लेकिन उडन खटोला मौसम मे मिजाज को देखते हुये नही उड पाया। कोतमा की जनता प्रदेश के मुख्यमंत्री को सुनने व देखने के लिए लालायित थी, लेकिन सुबह से ही लगातार बारिश ने इनके अरमानों पर पानी फेर दिया, अंतत: प्रदेश के मुखिया को रीवा से ही वर्चुअल मे कोतमा विधानसभा की जनता को संबोधित किया और कई विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया साथ ही कई घोषणाएं भी की।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले के कोतमा में आयोजित अमृत हरित महा अभियान कार्यक्रम में जिले को को सौगात देते हुए सीतामढ़ी वृहत परियोजना के निर्माण की घोषणा की जिससे 46000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। इससे 55 ग्राम लाभान्वित होंगे। सोन मोहरी माइक्रो इरिगेशन परियोजना बनने से 13378 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। इसी तरह कटना स्टोरेज बियर, जैतरही स्टोरेज बियर का निर्माण बिजुरी नगर में सर्व सुविधायक्त आउटडोर स्टेडियम का निर्माण, खाटी बिलासपुर में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण, तथा कटना नदी पर छटन बांध का निर्माण कराए जाने की घोषणा की।

## 114 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले के कोतमा में आयोजित हरियाली से खुशहाली का नया परिवेश कार्यक्रम में अमृत हरित महाअभियान तथा हितग्राही सम्मेलन को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि अमरकंटक धार्मिक एवं पर्यटन के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यह त्रिवेणी नर्मदा, सोन एवं जोहिला का मायका है। इन तीनों नदियों का यह उद्गम स्थल है। प्रदेश सरकार ने राम पथगमन मार्ग में पड़ने वाले सभी स्थानों को विकसित करने का निर्णय लिया है। अमरकंटक का भी विकास किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल रूप से कोतमा के मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में 443.31 करोड़ रुपए की लागत वाले 114 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नीट एण्ड जेईई कोचिंग का लोकार्पण, अमरकंटक में नर्मदा नदी पर 13 करोड़ रूपए की लागत से प्रसाद योजना के तहत राम घाट पर बनाए गए रामसेतु का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है। प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक एवं आस्था वाले तीर्थ स्थानों का लगातार विकास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोध्या धाम के तर्ज पर 2800 करोड़ की लागत से चित्रकूट धाम का भी विकास किया जाएगा।

## गुरू पूर्णिमा के दिन स्कूली छात्रों को मिलेगी साईकिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश वासियों को गुरूपूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि आगामी 10 जुलाई को गुरूपूर्णिमा के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को साईकल वितरण तथा उच्च शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया जाएगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सहयोग से प्रदेश सरकार किसान, महिला, युवा, गरीब के जीवन को बेहतर बनाने के लिए संकल्पित है। प्रदेश में महिलाओं को शासकीय सेवाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राहियों को रक्षाबंधन से पहले अतिरिक्त 250 रुपए शगुन के रूप में मिलेंगे। दीपावली के बाद भाई-दूज से लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार संकल्प पूरा करते हुए 2028 तक 3000 रुपए बहनों के खातों में भेजेगी। इस अवसर पर उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्या बाई का स्मरण करते हुए कहा कि इनकी अद्भुत प्रशासन क्षमता आज भी हम सब का मार्गदर्शन कर रही है। प्रदेश सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा न हो, इसके लिए समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने का काम किया है। इसके साथ ही गणवेश, मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, स्कूटी, साईकल का भी वितरण आगामी दिनों में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज प्रदेश के 94 हजार 500 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 जुलाई को गुरूपूर्णिमा के अवसर पर विद्यार्थियों को साईकिलों का वितरण किया जाएगा। शासकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को किताब-कॉपी के साथ साइकिलें भी बांटी जा रही हैं। सांदीपनि विद्यालय के रूप में हमारी शिक्षा व्यवस्था को एक अनुपम सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देहदान करना मानवता के प्रति संवेदना का प्रतीक है। देहदान करने से मानव अमर हो जाता है। प्रदेश सरकार ने देहदान करने वाले व्यक्तियों को गार्ड ऑफ ऑनर देने का निर्णय लिया है।



## अमरकंटक के राम सेतु का किया वर्चुअल लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरकंटक के रामघाट में 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राम सेतु का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। यह परियोजना भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रसाद योजना के अंतर्गत निर्मित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि अमरकंटक के रामघाट का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व है। इस प्रकार के विकास कार्यों से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## मंत्रीद्वय ने भी किया संबोधित

प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि म. प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है, प्रदेश में औद्योगीकरण तथा धार्मिक स्थलो का विकास किया जा रहा है, इससे युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत से विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है, प्रदेश में औद्योगीकरण से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, शासकीय सेवकों के प्रमोशन का निर्णय लिया गया है, इससे 2 लाख सेवकों को लाभ मिलेगा, जो पद रिक्त होंगे उनमें नयी भर्तियां की जायेगी। अनूपपुर जिले में भी विकास के अनेकों कार्य किये गये हैं, किसानों की आय बढ़ाने के लिए सोलर पंप के माध्यम से बिजली पंप देने, सिंचाई सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। जिले में नई औद्योगिक कंपनियों ने अपने काम शुरू कर दिए हैं।

## मुख्यमंत्री का विरोध करने पर कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान साथियों सहित गिरफ्तार




कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान मुख्यमंत्री का विरोध करने की रणनीति बनाने में लगे हुए थे। और 4 जुलाई को लगातार हो रही झमाझम बारिश में भी अपनी रणनीति को अंजाम देते हुए गांधी चौक कोतमा में अपने साथियों सहित उपस्थित होकर, सर पर काली पट्टी बांधकर एवं हाथों में काला कपड़ा लेकर भाजपा सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान गुड्डू चौहान ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित वर्ग के लिए लगातार हमेशा लड़ाई लड़ने वाले हमारे नेता मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा विगत दिवस अशोकनगर जिले में एक युवक को मल खिलाये जाने जैसी अमानवीय घटना का विरोध किया गया और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिये पहल किये। जो कि मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बर्दास्त नहीं हुआ और हमारे नेता न्याययोद्धा जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर के मुंगावली थाने में फर्जी एफ आई आर दर्ज करा दी गई। जिसका हम सभी विरोध करते हैं और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को काला झंडा दिखाकर अपने विरोध दर्ज कराएंगे। गुड्डू चौहान एवं उनके साथियों को पुलिस ने गांधी चौक कोतमा में घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद अस्थाई जेल मंगल भवन में कैद कर दिया गया और पुलिस को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का दौरा रद्द होने व कार्यक्रम निरस्त होने की सूचना मिलने पर कांग्रेसियों को रिहा कर दिया गया।

# शिक्षक विहीन अकुआ विद्यालय में लटका ताला, बैगा छात्रों का भविष्य अंधकारमय

कुल तीन शिक्षकों मे दो का स्थानांतरण तो एक मेडिकल मे अवकाश पर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




जिले के सकरा संकुल केंद्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय अकुआ शिक्षक विहीन हो चुका है, जिससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का भविष्य अब अंधकारमय होने की कगार पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक शाला एक परिसर अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय अकुआ में कुल 03 शिक्षक पदस्थ थे, जिनमें से दो शिक्षकों को विभाग द्वारा जनशिक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति देकर स्थानांतरित कर दिया गया जबकि बाकी बचा एक सहायक शिक्षक वर्तमान में मेडिकल में चल रहा है।

## संरक्षित बैगा समुदाय के छात्र हैं अध्ययनरत

वैसे अगर देखा जाए तो शिक्षा विभाग के नियमानुसार एक शाला एक परिसर अंतर्गत संचालित प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय में कम से कम 05 शिक्षकों की पदस्थापना की जानी चाहिए थी, किंतु सिर्फ 03 शिक्षकों वाले इस विद्यालय में जहां आज वर्तमान में भी बैगा जैसे संरक्षित समुदाय के लगभग 95% बच्चे अध्ययनरत है, के बावजूद भी संकुल प्राचार्य सकरा आर.पी. सोनी द्वारा लापरवाही बरतते हुए अकुआ विद्यालय में पदस्थ शिक्षक दुर्गा किरमें तथा ब्रजनंदन शुक्ला दोनों माध्यमिक शिक्षको को जनशिक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति मिलने के उपरांत नवीन शिक्षकों की पदस्थापना पूर्व ही दोनों को अकुआ विद्यालय से मुक्त कर दिया गया। जबकि पदस्थ सहायक शिक्षक लामू सिंह मरावी पहले से ही मेडिकल में गया हुआ था। जिसके बाद विद्यालय में ताला लगा हुआ है, तथा अध्ययनरत 48 छात्रों का भविष्य अंधकारमय होने की कगार पर है।

## संकुल प्राचार्य की लापरवाही का परिणाम

वर्तमान में विद्यालय शिक्षक विहीन होने से मुख्य द्वारा पर ताला लटकने के कारण बच्चे भी शिक्षा विहीन हो चुके है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के शिक्षकों की कमी के बावजूद संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा आर. पी.सोनी द्वारा दोनों शिक्षकों को मुक्त किए जाने संबंधी प्रस्ताव बनाकर बीआरसी को दे दिया गया जिस पर बीआरसीसी द्वारा अनुमोदन जिला पंचायत सीईओ को सौंप दिया गया। इस प्रकार विभाग तथा संकुल प्राचार्य द्वारा अकुआ प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना संबंधी जानकारी एकत्र किए बिना ही लापरवाही पूर्वक दोनों शिक्षकों को विद्यालय से मुक्त कर दिया गया। बैगा जाति के बच्चों के शिक्षा के साथ जो खिलवाड़ किया जा रहा है उससे स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन और सर्व शिक्षा अभियान तथा सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग बैगा जाति के बच्चों के शिक्षा को लेकर कितना संजीदा है। जब इस मामले मे जब आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त सरिता नायक से बात करना चाहा गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

# राजनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट नाराज

मुख्य न्यायाधीश ने लगाई फटकार, शासन को 7 दिन में व्यवस्था सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद विकास प्रताप सिंह द्वारा राजनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं को लेकर दायर की गई जनहित याचिका मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए शासन को 7 दिनों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। यह जनहित याचिका 6 जून को वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ गोटिया के माध्यम से दायर की गई थी, जिस पर 9 जून को युगल पीठ ने शासन से विस्तृत जवाब मांगा था। याचिका के जवाब में शासन द्वारा केवल एक डॉक्टर की सप्ताह में दो दिन और वह भी कुछ घंटों के लिए नियुक्ति की गई। जिसे न्यायालय ने बताया असम्मानजनक इस लापरवाही पर 3 जुलाई को हुई सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश ने शासन को फटकार लगाते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर को पूर्ण रूप से सुचारु करना अनिवार्य है। इसमें डॉक्टर, एंबुलेंस, मेडिकल स्टाफ, तकनीकी स्टाफ, एंटी-वेनम, एंटी रेबीज इंजेक्शन सहित सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। न्यायालय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने वाली सड़क की जर्जर स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शासन को पीएचसी मार्ग को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए हैं।

## समय-समय पर उठती रही स्वास्थ्य केंद्र मे सुविधाओं की मांग

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के भीतर वार्ड नंबर 15 भलमुड़ी में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर मे




संपूर्ण सुविधाओ को लेकर पत्रकारों द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से, स्थानीय जनप्रतिनिधियो, नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष, इन सभी द्वारा शासन, जिला प्रशासन, से नियमित पत्राचार किये जा रहे थे। परंतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं को लेकर वार्ड नंबर 11 के पार्षद विकास प्रताप सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की गई। जिसकी सुनवाई 3 जून 2025 को की गई। जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर के समुचित सुविधाओं, एवं व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर सात दिवस के भीतर शासन को निर्देशित किया है। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) गठन के बाद पहली बार किसी पार्षद ने इतनी गंभीरता ली। नगर के तथा आसपास क्षेत्र के ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर इतना बड़ा कदम उठाया और माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में **WP.NO**. 20174/2025 कि याचिका लगाई। माननीय न्यायालय द्वारा आदेश पारित करने के बाद जैसे यह खबर वायरल हुई उसके बाद नगर में पार्षद विकास प्रताप सिंह को नगर वासियों द्वारा इस कार्य के लिए शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

## आज शहर का भ्रमण करेगी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की झांकी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर शहर के इतिहास में आज एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। आज पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। अनूपपुर शहर सहित गांव-गांव में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर अति उत्साह है। सभी को आज के दिन का बेसब्री से इंतजार है। इस्कॉन केंद्र के प्रमुख अनूपपुर केंद्र के प्रभारी चैतन्य मनोहर दास एवं प्रशांत पांडे ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आज निकाली जाएगी। रथ यात्रा के मार्ग का निर्धारण किया जा चुका है। भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शिव मारुति मंदिर, सामतपुर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, आदर्श मार्ग, स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर, गुरुद्वारा रोड,पीएचई ऑफिस, अंडर ब्रिज, स्मार्ट सिटी से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान में समाप्त होगी। रथ यात्रा लगभग 1 बजे से प्रारंभ होगी, रथ यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन, भक्तों के द्वारा नृत्य, महाप्रसाद वितरण होगा। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में रथयात्रा का समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग लगाया जाएगा। जिसके लिए स्थानीय निवासी भगवान जगन्नाथ के लिए सात्विक भोग जिसमें कच्चा भोजन और मिष्ठान इत्यादि जो कुछ भी वक्त भगवान को अर्पित करना चाहे ला सकते हैं। छप्पन भोग के पश्चात भगवान जगन्नाथ की आरती होगी और वरिष्ठ भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ की कथा, भजन कीर्तन एवं फिर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी। बताया गया कि भगवान जगन्नाथ का रथ महाकाल की नगरी उज्जैन में बनकर तैयार हुआ है। अनूपपुर के इतिहास में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलेगी।



# मजदूर कांग्रेस के डीके स्वाइन जोनल अध्यक्ष निर्वाचित, पितांबर लक्ष्मीनारायण पुनः बने महामंत्री

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नागपुर में 2 व 3 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन में रेल कर्मचारियों के हितों के लिए कई प्रस्ताव पारित किया गया, साथ ही अधिवेशन में 24 केन्द्रीय पदाधिकारी भी चूने गए जोनल अध्यक्ष डी के स्वाइन व महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण निर्वाचित हुए, जोनल अध्यक्ष डी के स्वाइन पूर्व जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी के इस्तीफे से खाली पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए, नवनिर्वाचित जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव व मीडिया प्रभारी गोपी राव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नागपुर में रेलवे मजदूर कांग्रेस के इस अधिवेशन में बिलासपुर, नागपुर, रायपुर के डेलीगेट, जनरल काउंसिल मेंबर, केन्द्रीय पदाधिकारी शामिल हुए, प्रथम दिवस 02 जुलाई को खुला अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बिलासपुर आदित्य कुमार, विशिष्ट अतिथि मंडल रेल प्रबंधक नागपुर दीपक कुमार गुप्ता, सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुंबई के अध्यक्ष प्रवीण बाजपेई, वेस्ट सेंट्रल रेलवे संघ के महामंत्री अशोक शर्मा की उपस्थिति रहे सभा को सभी अतिथियों ने संबोधित किया। 03 जुलाई द्वितीय सत्र सम्मेलन में रेल कर्मचारियों के हित में प्रमुख प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें प्रमुख प्रस्ताव ओल्ड पेंशन स्कीम पेंशन की बहाली वर्तमान युपीएस के प्रस्ताव को ना मंजूर करना, सेफ्टी से जुड़े रेलवे के खाली पदों को तत्काल भरना, सभी प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल में वीआईपी रेस्ट हाउस में कर्मचारियों को बुक करने का अधिकार दिलाना, अनुकंपा नियुक्ति में मृत कर्मचारी की विधवा को बिना परिक्षा लिए योग्यता के आधार पर ग्रुप सी में नियुक्त करना, निजीकरण पर रोक जैसे प्रस्ताव पारित किया गया। द्विवार्षिक अधिवेशन में केन्द्रीय पदाधिकारी रुप में रुप में निर्वाचित पदाधिकारी जिसमें जोनल अध्यक्ष डी के स्वाइन, जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार धल, संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री, बी कृष्ण कुमार, डी विजय कुमार, इंदल दमाहे, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े, जी एस आइच, डी डी महेश, शुभम उपाध्याय, राजेश सोनकर, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष युवा साई किरण निर्वाचित हुए।

# गौ हत्या के विरोध में बजरंग दल व कांग्रेस पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।




रामनगर थाना क्षेत्र केअंतर्गत नगर परिषद डूमर कछार के वार्ड क्रमांक 4 स्थित दुर्गा पंडाल के पीछे -किसी व्यक्ति द्वारा गाय की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। और इस घटना की खबर जैसे ही लगी क्षेत्र में एक अलग ही माहौल उत्पन्न हो गया है वही इस घटना को लेकर पौराधार, राजनगर में बजरंग दल एवं कांग्रेस के पदाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को कांग्रेस तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा थाना प्रभारी रामनगर को ज्ञापन सौपा गया है। जहां बजरंग दल ने कहा कि जल्द ही यदि गौ माता की हत्यारे को पकड़ा नहीं गया। तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वही कांग्रेसी नेताओं द्वारा रामनगर थाने में ज्ञापन देकर गौ माता के हत्यारे को जल्द से जल्द पकड़ने को कहा गया है। वहीं कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इस समय क्षेत्र के झीमर नाले में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब बनाई जाती है। जो सस्ते दरों पर नगर पौराधार, डूमरकछार, झीमर में उपलब्ध कराई जा रही है। गौ हत्या किसी मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति द्वारा किए जाने की आशंका है। नशे की लत के कारण भी ऐसा हो सकता है। यह भी गौ माता के हत्या का कारण हो सकते। नगर में अवैध कच्ची शराब बिक्री बंद किया जाना चाहिए। इस दौरान बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तो बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा गौ माता का पोस्टमार्टम करा कर उनका अंतिम किया गया है। ज्ञापन सौपै पर जाने के दौरान कांग्रेस के पदाधिकारीयो में निर्भय नारायण राव (मंडलम अध्यक्ष), हरिशंकर दुबे (ब्लॉक अध्यक्ष) जगदीश पटेल (जिला महामंत्री), राजू श्रीवास्तव, इमरान खान, विपिन दुबे, राहुल जायसवाल, संदीप पनिका, आशीष राव, मनोज श्रीवास्तव, बजरंग दल की और से बिजुरी प्रखंड के अध्यक्ष मनोज वैष्णव, प्रखंड संयोजक अखंड प्रताप सिंह, सहसंयोजक गौरव कुमार पांडे, सनातनी गौ रक्षा प्रमुख नीतीश कुमार सिंह, अनुज श्रीवास्तव, अजय शंकर उपाध्याय, अक्षय, आलोक, चंद्रभान, माखन, समीर, कान्हा श्रीवास्तव, एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं सिरमन्तू कुम्हार आयु 58 वर्ष पति जयराम कुम्हार निवासी वार्ड नं. 01 ग्राम मेडियारास थाना चचाई तह. व जिला अनूपपुर म.प्र. का होकर शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरा आधार नं.-355976438757 है। मैं इस पते की पुस्तैनी निवासी हूं। मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश घरेलू नाम मुन्नू प्रजापति दर्ज हो गया है जिसे सुधारा जाकर सिरमन्तू कुम्हार दर्ज किया जाना आवश्यक है। मेरे सभी दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र मेडिकल कार्ड आदि में सही नाम सिरमन्तू कुम्हार दर्ज है किन्तु आधार कार्ड मे अज्ञानतावश घरेलू नाम मुन्नू प्रजापति दर्ज हो गया है जिसे प्रकाशन किया जाकर सही नाम सिरमन्तू कुम्हार दर्ज कराया जाना है।

सही नाम- सिरमन्तू कुम्हार
गलत नाम- मुन्नू प्रजापति